**भारत सरकार /Government of India**
**वस्त्र मंत्रालय/ Ministry of Textiles**
**पटसन आयुक्त का कार्यालय/ Office of the Jute commissioner**
**पटसन भवन, सीएफ ब्लॉक/ Patsan Bhawan, CF Block,**
**सातंवा व आठवां तल, एक्शन एरिया-I / 7th & 8th Floor, Action Area-I**
**न्यूटाउन, कोलकाता/ Newtown ,Kolkata – 700156**

**फाइल संख्या :पटसन(विपणन)/106/2018** **दिनांक: 22.05.2025**

# आदेश

इस कार्यालय के दिनांक 20.05.2025 के समसंख्यक कार्यालय आदेश के क्रम में, पटसन एवं पटसन वस्त्र नियंत्रण आदेश, 2016 के उपबंध 9(1) के अंतर्गत मैं यह भी आदेश देता हूँ कि आप अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि जिसका नाम स्पष्ट रुप से उल्लेख किया गया हो जैसा कि संलग्न प्रोफार्मा में दिया गया है, द्वारा एक हस्ताक्षरित विवरणी जिसमें 20 मई, 2025 की स्थिति के अनुसार कच्चे जूट के स्टॉक, खरीद, उपभोग आदि के पूरे ब्यौरे दिए गए हों, अधिकत्तम 26 मई, 2025 तक अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें। इस प्रकार, प्रत्येक शनिवार को सप्ताह की साप्ताहिक विवरणी अगले सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को तथा प्रत्येक माह की मासिक विवरणियाँ अगले महीने की 10 तारीख तक अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त होनी चाहिए। वर्तमान में, साप्ताहिक विवरणी 24 मई को समाप्त सप्ताह के लिए तथा मासिक विवरणी मई 2025 को समाप्त होने वाले महीने के लिए भेजी जाए। प्रथम रिपोर्ट में 20 मई, 2025 (दिवसांत) के स्टॉक की स्थिति दर्शायी जाए।

**2.** यदि आप इस आदेश के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं , तो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 7 के साथ पठित उक्त आदेश के उपबंध II के अंतर्गत आप दंड के भागी होंगे जिसके अंतर्गत कारावास और जुर्माना दोनों शामिल है। आंकड़ों में छेड़छाड़ करने या गलत आंकड़े की सूचना देने पर वर्तमान प्रावधानों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**3.** इसके अतिरिक्त, उपर्युक्त आदेश के खंड 9 (1) के उप खंड (ख) एवं (ग) के अनुसार मैं निर्देश देता हूँ कि मेरे प्राधिकृत प्रतिनिधियों को उनके परिसर एवं गोदाम में प्रवेश कर छान-बीन करने तथा उनके खाता-बही एवं अन्य रिकार्ड के निरीक्षण करने हेतु आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराएं ताकि इस बात की जांच की जा सके कि उन्होंने धारित स्टॉक की सही घोषणा की है या नहीं अथवा उनके धारित स्टॉक इस कार्यालय के आदेश के अनुसार हैं या नहीं। उल्लंघन पाए जाने पर उनके ऐसे कच्चे जूट को जब्त कर लिया जाएगा जिसके बारे में निरीक्षण अधिकारी यह समझता है कि इस आदेश का उल्लंघन करके सामग्री जमा की गयी है। साथ ही, पटसन तथा पटसन वस्त्र नियंत्रण आदेश, 2016 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अंतर्गत कोई अन्य विधिक कार्रवाई भी की जा सकती है।

S/d
**डिजिटल रुप से हस्ताक्षरित**
**मलय चंदन चक्रबर्ती,**
**दिनांक 22.05.2025**
**पटसन आयुक्त**

**सेवा में,**
**पटसन वस्तुओं के सभी जूट मिल/उत्पाद इकाइयाँ**

S/d

**अनुबंध/ANNEXURE –I**

............................... को समाप्त सप्ताह .................................. को समाप्त माह/सप्ताह के लिए कच्चे जूट के स्टॉक, उपभोग एवं क्रय के ब्यौरा रिपोर्ट करने हेतु विवरणी

Return for reporting details of stock, consumption and purchases of raw jute for the week ending................... for the month/week ending......................

(संदर्भ: पटसन आयुक्त का पत्र सं. पटसन (विपणन)106/2018 दिनांक 22.05.2025)

(Reference: Jute Commissioner's Letter No. Jute (Mktg)/106/2018 dated 22-05-2025)

**मात्रा क्विंटल में/Qty. Quintals**

| | भारतीय/Indian | आयातित/Imported |
|---|---|---|
| दिनांक 20.05.2025 (दिवसांत) को प्रारंभिक स्टॉक/Opening stock as on 20/05/2025: | | |
| I. कुल क्रय/Total Purchase : | | |
| II. मिल परिसर में आगमन/Arrival at mill's premises : | | |
| III. कच्चा जूट का उपभोग/Consumption of raw jute : | | |
| IV. दिनांक ....................... के कच्चा जूट का अंतिम स्टॉक Closing stocks of raw jute as on..................................... | | |
| मिल गोदाम में/At mill godowns : | | |
| देहाती गोदाम में/At up-country godowns : | | |
| मार्गस्थ (पाइपलाइन) स्टॉक/Stock in pipeline : | | |

मैं/हम विधिवत घोषणा करता हूँ/ करते हैं कि उपर्युक्त विवरण मेरी/ हमारी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है।

I/We solemnly declare that the above statement is true and correct to the best of my/our knowledge and belief.

हस्ताक्षर/Signature............................................

नाम बड़े अक्षरों में/Name in Block Letters ...............................................

पदनाम/Designation ...............................................

मिल कंपनी का नाम एवं पता/Name of Mill company & Address ...............................................

**दिनांक/dated:**

**ध्यान दें :** साप्ताहिक विवरणियाँ आगामी सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार (दिवसांत) तक तथा मासिक विवरणियाँ आगामी महीने की 10 तारीख तक इस कार्यालय को अवश्य प्राप्त होनी चाहिए।

**N.B** THE WEEKLY RETRUNS SHOULD REACH THIS OFFICE BY EVERY TUESDAY (END OF DAY) OF THE FOLLOWING WEEK AND THE MONTHLY RETURNS BY 10TH OF THE FOLLOWING MONTH POSITIVELY

Sd